हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

09 जनवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जेलों एवं सुधर गृह में क्षय रोग उन्मूलन के लिए 100-दिन का अभियान चलाने का अनुरोध किया है।
- हरियाणा महिला आयोग ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर लोहारू छात्रा आत्महत्या मामले की जांच राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो सौंपने को कहा।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में शीत लहर जारी ,मौसम विभाग ने परसों कहीं कहीं गरज व चमक के साथ वर्षा होने की संभावना जताई।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षाओं का तिथि पत्र जारी किया, परीक्षायें 27 फरवरी से शुरू होंगी।

**************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। आज भुबनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस समारोह का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास और भारत की विकास यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा

की।प्रधानमंत्री  ने प्रवासी भारतीयों को वैश्विक सम्मान दिलाने में भारतीय मूल्यों की भूमिका को रेखांकित किया ।

श्री मोदी ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने दुनिया भर में उत्कृष्ट कार्य किए हैं और उनकी उपलब्धियां देश को गौरवान्वित करती हैं।उन्होंने कहा कि दुनिया का हर नेता प्रवासी भारतीयों की सराहना करता है। प्रधानमंत्री ने देश की विकास यात्रा का जिक्र भी किया।

श्री मोदी ने कहा कि देश विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

********************************************************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे देश से टीबी रोग समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत जेलों और सुधार संस्थानों में क्षय-रोग उन्मूलन के लिए 100-दिन का अभियान शुरू करें। मंत्रालय ने एक पत्र के जरिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जांच शिविर आयोजित करने और सभी जेलों में टीबी रोग से संबधित सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है।

********************************************************

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर महाकुंभ 13 जनवरी को शुरू होगा जो 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ के आयोजन को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं। संगम क्षेत्र में नदियों के किनारे पारंपरिक स्नान के लिए लगभग 12 किलोमीटर इलाके में  घाट तैयार किये गये हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी महाकुंभ में स्नान करेंगे।

मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।
*******************************************************

हरियाणा महिला आयोग ने लोहारू छात्रा आत्महत्या मामले में पुलिस महानिदेशक को पत्र लिख मामले की जांच राज्य अपराध प्रकोष्ठ को सौंपने को कहा है। आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने आज पंचकूला में आकाशवाणी समाचार को बताया -

उन्होंने बताया कि महिला आयोग के पास प्रवासी भारतीयों की शिकायतों में लगातार इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि हनी ट्रैप और झूठी शिकायत करने वाली महिलाओं पर भी महिला आयोग कार्रवाई कर रहा है ।एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने ने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान आयोग ने 11000 मामलों का निपटारा किया है।

*******************************************************

कुरूक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी समिति के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने आज उचाना के तीन तीर्थों, खांडा, कसूहन में काया शोधन तीर्थ और लोधर के महर्षि लोमश ऋषि तीर्थ का जायजा लिया। इस दौरान विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री उनके साथ मौजूद रहे।पत्रकारों से बातचीत में श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तरह

मुख्य मन्त्री नायब सिंह सैनी भी कुरूक्षेत्र परिधि में आने वाले सभी तीर्थों के विकास को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा -

कुरूक्षेत्र 48 कोस भूमि में 182 तीर्थ आते है।जिनमें उचाना क्षेत्र के यह तीन तीर्थ भी शामिल हैं।इस दौरान बी जे पी विधायक श्री अत्री ने कहा कि एतिहासिक महत्व वाले इन तीर्थों के साथ महाभारत काल से ही लोगों की आस्था जुड़ी रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विकसित उचाना का सपना पूरा करने की दिशा में काम कर रही है।

*******************************************************

हरियाणा और चंडीगढ़ में शीत लहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि आगामी 4 दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री का इजाफा हो सकता है उसके बाद फिर पारा नीचे जाएगा। विभाग ने 11 जनवरी को गरज चमक के साथ कहीं कहीं वर्षा की संभावना व्यक्त की है। कई जिलों सहित अंबाला में आज घना कोहरा छाया रहा,जिससे कई रेलगाड़िया की आवाजाही प्रभावित रही।अंबाला रेल मण्डल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि रोजाना बढ़ती धुंध के साथ कई रेलगाड़ियां प्रभावित हो रही है। कुछ गाड़ियां स्टेशन पर देरी से पहुंच रही है।

*******************************************************

हरियाणा में मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले एक-दो दिन में हरियाणा के काफी क्षेत्रों में हल्की बरसात हो सकती है। किसानों को फिलहाल फसलों की सिंचाई दो दिन तक टाल देने की सलाह दी गई है। भिवानी में कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ देवीलाल ने बताया -

उन्होंने कहा कि बारिश के बाद वातावरण में नमी बढ़ेगी। धुंध फिर से छाएगी जो सरसों व गेहूं की फसलों के लिए फायदेमंद होगी।

*******************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक और डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष-2022 की रि-अपीयर परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी हैं।

परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उप सचिव ओम प्रकाश निंबिवाल ने बताया-

परीक्षाओं का तिथि-पत्र हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

*******************************************************

खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता या प्रतिभागी खिलाडियों से नगद ईनाम हेतू ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र खिलाड़ी कल तक Haryana Sports.Gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।